>

Title: Need to provide the basic amenities to the villagers displaced due to the development of Achanakmar Tiger Reserve in Bilaspur.

श्री अरूण साव (बिलासपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र बिलासपुर के अंतर्गत मुंगेली जिले में अचानकमर टाइगर रिजर्व बनाया गया है । यहां न तो किसी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं । ऊपर से जो वन ग्राम विस्थापित किए गए हैं, उन विस्थापितों के लिए न तो स्कूल की व्यवस्था है, न अस्पताल की व्यवस्था और न ही रोजगार की व्यवस्था है । यहां सबसे ज्यादा परेशान अतरिया गांव के लोग हैं । वे अधिकारियों के पीछे घूम रहे हैं । यह गांव न तो पूरी तरह से विस्थापित नहीं हुआ है और जो विस्थापित हुए हैं, उनके लिए स्कूल, अस्पताल, रोजगार और खेतीबाड़ी की व्यवस्था सरकार द्वारा नहीं की जा रही है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस तरफ आकर्षित करना चाहता हूं ।